तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

5 निर्माण कार्यों की फोटो खींचकर भेजना होगा ग्राम पंचायतों को



## खबर संक्षेप

### अखंड नवधा रामायण का आयोजन आज से

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत रुमगड़ा वार्ड में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन स्कूलपारा मैदान में 5 जनवरी से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ किया जाएगा। 9 दिन तक चलने वाले इस अखण्ड नवधा रामायण में नरेश शर्मा प्रमुख आचार्य के रुप में उपस्थित रहेंगे। 15 जनवरी को अखण्ड नवधा रामायण का समापन सहस्त्रधारा और चढ़ोतरी के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों के द्वारा सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### निहारिका में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा।** पतंजलि योगपीठ दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के 31वें एवं भारत स्वाभिमान के 17वें स्थापना दिवस पर निःशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, नेत्र जांच, रक्त शर्करा जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 5 जनवरी को पतंजलि युवा भारत, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, नमामि हसदेव सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, आरोग्य भारती, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10-11 महानदी काम्प्लेक्स, निहारिका कोरबा में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर में गुजरात आयुर्वेद डेंटिस्ट्री के दंत चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित अनुभवी ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा जी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा एवं संस्थान के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे। शिविर मे बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की निःशुल्क जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी। मरीजों की रक्त शर्करा तथा रक्तचाप की जांच निशुल्क की जायेगी। साथ ही आंखों की जांच निःशुल्क कर चश्मे का नंबर का कार्ड बनाकर दिया जायेगा।

### राजस्व वसूली के लिए वार्डों में आज से लगेंगे शिविर

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली के लिए वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर 5 जनवरी से 30 जनवरी तक निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे तथा वार्ड के निर्धारित स्थलों पर करदाताओं व बकायादारों से बकाया करों की राशि जमा कराई जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के करदाताओं, बकायादारों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही ऐसे नए भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियाँ जिनमें सम्पत्तिकर अभी तक आरोपित नहीं किया गया है, वे नियमानुसार आवेदन पत्र सहित स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में राशि जमा कराएं।

### कोरबी अमलीपारा में राऊत नाचा व मड़ाई मेला 7 को

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी अमलीपारा में 7 जनवरी को मड़ाई मेला व राऊत नाचा का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास से लोगों व व्यापारीयों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

### इशिता कश्यप को मिला सम्मान

कोरबा। इशिता कश्यप को इन दिनों खुब बधाई मिल रही है अपनी एकल प्रस्तुति के दौरान इशिता आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देती हैं।

# एक समिति में ही 14 हजार क्विंटल धान जाम, प्रतिदिन हो रही 27 सौ क्विंटल की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली छोटी बड़ी सहकारी समितियों में खरीदे गए धान का समय पर उठाव नहीं होने की स्थिति में धान के जाम हो जाने के कारण खरीदी के दौरान आए धान को अब रखने की समस्या खड़ी हो गई है। कोरबा बरपाली, लेमरु, श्यांग जैसी ऐसी समितियां हैं जहां विषम स्थिति निर्मित होती जा रही है।

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कोरबा बरपाली सहकारी समिति में इस समय 14 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है जिसके उठाव के लिए राइस मिलर्स को डीओ काट दिया गया है किंतु उठाव में गति नहीं होने के कारण धान के जाम रहने की स्थिति निर्मित हो गई है। खरीदी की लिमिट बढ़ाए जाने से अब 27 सौ क्विंटल धान खरीदी प्रतिदिन इस समिति में हो रही है। पहले से खरीदा गया 14 हजार क्विंटल धान का उठाव हो नहीं रहा है। ऐसे में खरीदे जाने वाले धान को रखने की समस्या खड़ी हो गई है। यही स्थिति धान उपार्जन केंद्र लेमरु, श्यांग और चिर्रा की निर्मित हो गई है। लेमरु में 3 हजार क्विंटल धान की खरीदी होती है। जहां उठाव के लिए समय पर मिलर्स की गाड़ियां भी नहीं पहुंच रही हैं। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित श्यांग धान खरीदी केंद्र की भी यही स्थिति सामने आयी है। जिला मुख्यालय से इन तीनों धान खरीदी केंद्र की दूरी लगभग 60 से 65 किलोमीटर है और यही दूरी प्रबंधकों के लिए मुश्किल पैदा कर रही है। मिलर्स नजदीक की समितियों से पहले धान का उठाव कर रहे हैं।

## समितियों में धान जाम होने से प्रबंधक हो रहे परेशान

**खास बातें**

- राइस मिलर्स द्वारा देरी से धान उठाव किए जाने से उत्पन्न हुई विषम स्थिति



### उठाव के लिए दबाव की दरकार

प्रशासन स्तर से होने वाली बैठक में धान उठाव की लगातार समीक्षा की जाती है और समय पर धान उठाव के निर्देश विभागीय अधिकारियों द्वारा राइस मिलर्स को दिए जाते हैं किंतु जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र में स्थित धान उपार्जन केंद्र से धान उठाव के लिए मिलर्स पर बनाए जाने वाले दबाव की दरकार नजर आती है। जिसका खामियाजा प्रबंधकों को भुगतना पड़ता है।

## विभागीय अधिकारी किसानों को पंजीयन कराने के लिए दे रहे हैं सलाह

# किसान सम्मान निधि के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के लिए केंद्र की गाइडलाइन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसान सम्मान निधि के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किए जाने को लेकर केंद्र सरकार की नई गाइड लाइन का इंतजार विभाग को बना हुआ है। स्पष्ट गाइड लाइन नहीं आने की वजह से पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि के दायरे से बाहर करने का मामला ठण्डे बस्ते में चला गया है। विभागीय अधिकारी किसानों को पंजीयन कराने के लिए सलाह जरुर दे रहे हैं ताकि पंजीकृत किसान के रुप में पहचान बन सके।

**खास बात**

- बार बार पंजीयन की तारीख बढ़ाई जा रही किसानों को वंचित नहीं होने के लिए



किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या जिले में 80 हजार के करीब है जिन्हें केंद्र सरकार की ओर से तीन किश्त में जारी होने वाली 6 हजार रुपए की राशि साल में तीन बार मिलती है। अब तक इन किसानों को सामान्य पंजीयन की स्थिति में किसानों को पात्र पाया जाता था। अब किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों का एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किए जाने को लेकर कृषि विभाग के पास अभी तक स्पष्ट गाइड लाइन नहीं आयी है इसलिए सभी किसानों को जो धान बेचते हैं या नहीं बेचते उन सभी को किसान सम्मान निधि की राशि दी जाएगी लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से जारी शर्तों को पालन करना किसानों के लिए अनिवार्य होगा। जैसे ही केंद्र सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि मामले में निर्देश आएंगे वैसे ही आगे की कार्यवाही विभाग करेगा। वर्तमान में 52 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन करा लिया है। ऐसे किसान जिनका पंजीयन नहीं हुआ है उन्हें पंजीयन कराने के लिए पंजीयन तिथि बढ़ाकर समय दिया जा रहा है।

### संयुक्त खाते ने बढ़ाई है समस्या

जिले के अधिकतर किसान ऐसे हैं जिनके संयुक्त खाते हैं और किसान सम्मान निधि राशि परिवार के एक ही मुखिया को मिल रही है। तकनीकी रुप से यह समस्या भी विभाग के सामने आयी है। जिसके निराकरण के लिए संयुक्त खाते के जितने खातेदार हैं उनको भी सम्मान निधि के दायरे में लाने के लिए निर्देश मिल चुका है। ऐसे खातेदारों को भी किसान सम्मान निधि की राशि दी जा रही है।

### स्पष्ट गाइड लाइन नहीं आयी

किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों का एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने को लेकर केंद्र सरकार से कोई स्पष्ट गाइड लाइन नहीं आयी है इसलिए ऐसे किसान जो किसान सम्मान निधि के लिए जारी किए गए नियमों का पालन करते हैं उन्हें सम्मान निधि की राशि दी जाती रहेगी।

-डी पी एस कंवर
उपसंचालक कृषि

# आज भी हमारा समाज पुरानी परंपरा को संजोए रखा है : कौशिल्या



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम सलोरा दर्राभाठा में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित सार्वजनिक बार महोत्सव शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय और कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने ठाकुर देव एवं डोकरी दाई की पूजा अर्चना की।

**खास बात**

- सार्वजनिक बार महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कौशिल्या साय व लखनलाल हुए शामिल

इस अवसर पर श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि आज भी हमारा समाज अपनी पुरानी परंपरा को संजोय रखते हुए धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पूजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि इस पूजा के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने समाज और ग्रामीण जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि ठाकुर देव और डोकरी दाई का आशीर्वाद हम सभी ग्रामीण जनों और सभी समाज को मिलता रहा है। दर्राभाठा मैं आज दूर दराज जगह से भी ग्रामीण जन पूजन करने पहुंचे है। मंत्री श्री ⏭ शेष पेज 3 पर

# बीते पांच वर्षों में एसईसीएल की 10 कोयला खदानें हुई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कोयल खदानों के बंद होने सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते पांच वर्षों में एसईसीएल के कुल 10 कोयला खदानें बंद की जा चुकी है। इनमें से मध्यप्रदेश के चार और छत्तीसगढ़ के 6 कोयला खदानें शामिल हैं। राज्य के 6 कोयला खदानों में से दो कोयला खदानें जिले में संचालित हो रही थी जिन्हें बंद कर दिया गया है।

**खास बात**

- राज्य की 6 व जिले की 2 कोयला खदानें भी हो चुकी हैं बंद




उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया की लिमिटेड कंपनियों की खदानें लगातार बंद हो रही है। बीते पांच वर्षों के दौरान कुल 42 ओपन कास्ट एवं अंडरग्राउंड कोयला खदानें बंद की जा चुकी हैं। सबसे अधिक एसईसीएल की दस कोयला खदानें बंद हुई हैं वहीं दूसरे नंबर पर वेस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड की 18 खदानें भी बंद हो चुकी है। एसईसीएल के बंद होने वाले खदानों में राज्य के विश्रामपुर ओपनकास्ट, महामाया भूमिगत, महान ओपनकास्ट, पवन भूमिगत, सुराकछार भूमिगत 3 एवं 4, सुराकछार भूमिगत मुख्य खान एवं मध्यप्रदेश के जमुना आरो 1 एवं 2 भूमिगत, कपिलधारा भूमिगत, न्यू अमलाई भूमिगत, पिनोरा भूमिगत शामिल है। यहां बताना होगा कि कई वर्षों से बंद कोयला खदानों से दोबारा कोयला उत्खनन की योजना तो बनाई जा रही है पर अब तक जिले में ⏭ शेष पेज 3 पर

# कोल लिफ्टरों में वर्चस्व की लड़ाई, सुरक्षा को ठेंगे पर रख दबंगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घायल कर्मी।

एसईसीएल की गेवरा परियोजना एक बार फिर वर्चस्व की जंग का अखाड़ा बन गई है। बीती रात कोयला लिफ्टिंग को लेकर दो निजी कंपनियों के ठेका कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई। हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरी वारदात वहां तैनात सुरक्षा बलों की मौजूदगी में हुई, जहां एक कंपनी के कथित गुर्गों ने दूसरी कंपनी के कर्मचारी को बेरहमी से पिटाई की है

**खास बात**

- एसईसीएल गेवरा खदान का मामला, केके इंटरप्राइजेस के कर्मियों ने केसीपीएल के कर्मियों पर बोला धावा



मारपीट करते कोल लिफ्टर के कर्मी।

एसईसीएल गेवरा खदान में लंबे समय से केके एंटरप्राइजेज का दबदबा रहा है। आरोप है कि शनिवार की रात कोयला लिफ्टिंग के दौरान केके एंटरप्राइजेज से जुड़े कथित बाउंसरों ने केसीपीएल कंपनी के कर्मचारियों पर धावा बोल दिया। पहले तीखी नोकझोंक हुई और देखते ही देखते लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इस हमले में केसीपीएल ⏭ शेष पेज 3 पर

### नहीं है पुलिस प्रशासन का डर

कोल लिफ्टरों को सत्ता के गलियारों में बैठे रसूखदारों और कुछ भ्रष्ट अधिकारियों का वरदहस्त प्राप्त है। यही कारण है कि सुरक्षा बलों की मौजूदगी के बावजूद हमलावर इतने बेखौफ हैं। खदान के भीतर घुसकर सुरक्षा बल की मौजूदगी में मारपीट करना और कानून को हाथ में लेना इस बात का प्रमाण है कि इन्हें खाकी या प्रशासन का कोई डर नहीं है। दीपका पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल छोटी धाराओं में कार्रवाई होगी या इन सफेदपोश संरक्षकों तक भी जांच की आंच पहुंचेगी?

## सेंटल वर्कशॉप कोरबा ने रचा इतिहास

# कोल इंडिया में पहली बार 3.3 के वीएचटी मोटर का किया गया सफल लोड टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन एवं निदेशक तकनिकी संचालन फ्रेकलिन जय कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के कारण कोल इंडिया के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पहली बार 3.3 केवी एचटी इंडक्शन मोटर का सफल लोड टेस्ट किया गया।

अब तक एचटी मोटरों का वर्कशॉप स्तर पर लोड टेस्ट संभव नहीं होने के कारन मोटरों को सामान्य परिक्षण के बाद विभिन्न परियोजनाओ में भेजा जाता था, जिससे की कई बार साईट पर तकनीकीसमस्या उत्पन्न होती थी। इस समस्या के निदान के लिए एचटी मोटर के लोड टेस्ट फैसिलिटी की आवश्यकता महसूस की गई, जिसके क्रियान्यवन के लिए सीएमडी एसईसीएल द्वारा इस तकनीकी को स्थापित करने के लिय सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा के महाप्रबंधक गिरेन्द्र कुमार द्विवेदी को निर्देश दिया। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए महाप्रबंधक सेंट्रल वर्कशॉप जीके द्विवेदी द्वारा निदेशक तकनीकी फ्रेकलिन जय कुमार से चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई। जिसके क्रियान्वन के लिए केंद्रीय कर्मशाला कोरबा के ईएलआरपी शॉप में टीम गठित की गई। तय किया गया कि इस कार्य में उपयुक्त होने वाले उपकरण एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से जिस भी हालत में हो उसे संगृहीत कर रिपेयर करने के पश्चात इस लोड टेस्ट फैसिलिटी को विकिसित किया जाएगा। कान्त दास महाप्रबंधक एचओडी बिलासपुर तथा राजेश कुमार गुप्ता महाप्रबंधक कोरबा द्वारा 3.3 केवी फेल्ड ट्रांसफार्मर तथा चिरीमिरी क्षेत्र से फील्ड स्विच महाप्रबंधक अशोक कुमार एवं भटगांव एरिया से डीओएल स्टाटर महाप्रबंधक डीएम बोवड़े, स्टॉफ ऑफिसर अजय कुमार के सहयोग से सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा में ला कर माईनर रिपेयर कर तैयार किया गया। डी ओ ऍल स्टाटर को पूर्णतः सुरक्षित एवं रिपेयर कर देने के लिय शिवानी माइंस के सब एरिया इंजीनियर अविनाश एवं इलेक्ट्रिकल ⏭ शेष पेज 3 पर



वीएचटी मोटर।



निरीक्षण करते अधिकारी।

### तलवार लेकर दौड़ाया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** संपत्ति विवाद पर बड़े भाई ने तलवार लेकर छोटे भाई को मारने के लिए दौड़ाया। उसने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने कर जेल भेज दिया है। आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। पसान थाना के कोरबी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत जलके के तेंदूटिकरा निवासी बाबूलाल यादव (27) से उसके बड़े भाई बनवारी लाल यादव का संपत्ति को लेकर विवाद है। शनिवार को गांव में छेरछेरा त्योहार मनाया जा रहा था। इस दौरान संपत्ति बंटवारे को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। गुस्से में आकर बनवारी लाल तलवार लेकर बाबूलाल को मारने के लिए दौड़ाया। बाबूलाल ने वहां से भागकर जान बचाई। इसके बाद कोटवार के साथ कोरबी चौकी पहुंचा और रिपोर्ट लिखाई।


मा. श्री लखनलाल देवांगन जी
वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर (आबकारी) श्रम मंत्री
॥ जीवेत शरदः शतम् ॥
श्री प्रफुल्ल तिवारी जी
जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कोरबा
एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा कोरबा
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री प्रफुल्ल तिवारी जी
नरेन्द्र देवांगन
जिला महामंत्री-भाजयुमो, कोरबा
पार्षद- वार्ड क्र.-18, नपानि, कोरबा
नरेन्द्र पाटनवार
पूर्व मण्डल अध्यक्ष
रजनीश देवांगन
जिला कार्य समिति सदस्य
भाजयुमो नेता कोरबा
विनीत-भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### सांसद चिंतामणि महाराज ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण



**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम धनेशपुर एवं छुराकोना में प्रधान मंत्री जनमन योजना अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के माध्यम से जनजातीय लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समावेशी विकास और सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### कन्या स्कूल में दिव्यांग बच्चों और पालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार विकासखंड सूरजपुर के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में किया गया,जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके पालक,समुदाय के लोग और सामान्य बच्चे भी सम्मिलित हुए,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के समावेशन और शाला त्यागी बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु चर्चा की गई,साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल कार्यक्रम आयोजित हुआ,इसमें शाला त्यागी बच्चों की पहचान करने और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरजपुर मनोज कुमार मंडल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। आयोजन को सफल बनाने में बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, मास्टर ट्रेनर्स समावेशी शिक्षा राधा नंदी, योगेश चंद्राकर तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर व अन्य सक्रिय रहे।

### सुभद्रा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल

**बिश्रामपुर।** नव वर्ष के अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल द्वारा क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उनके साथ भोजन ग्रहण किया गया,गौरतलब है कि आज रविवार को बिश्रामपुर के 1बी- 1सी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों व परिवारों को कंबल वितरण कर मंदिर प्रांगण में ही उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी,इसमें सुभद्रा महिला मंडल के सभी सदस्यों ने जरूरतमंद गरीब नारायण लोगों के साथ मिलकर भोजन किया,जिससे उनके चेहरों में खुशी एवं सम्मानता की झलक देखने को मिली,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा उन्हें स्वच्छता के विषय में भी जागरूक किया गया कि खुद को किस प्रकार स्वच्छ रखकर स्वस्थ जीवन यापन करना है,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से महिला मंडल अपने सेवाकार्य संपादित कर रही है।

# संगठित समाज सशक्त समाज सम्मानित समाज यही हमारी पहचान और संकल्पः जयसिंह

## छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक एवं तृतीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन रविवार को कृष्णा हुंडई परिसर कोरबा में संपन्न हुआ। सम्मेलन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सहभागिता करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करना मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज को संगठित, सशक्त एवं प्रभावी सामाजिक शक्ति के रूप में स्थापित करना समय की आवश्यकता है। समाज की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी को बढ़ाना, युवाओं और महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना, तथा संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर तक मजबूत करना आज के दौर की प्राथमिक आवश्यकता है। बैठक में इस बात पर भी सर्वसम्मति से सहमति बनी कि बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में समाज की एकजुटता, वैचारिक स्पष्टता और सामूहिक नेतृत्व ही उसकी वास्तविक शक्ति है। समाज के हितों की रक्षा, सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार एवं समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर संगठित और सशक्त आवाज़ उठाना अत्यंत आवश्यक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन न केवल समाज की दिशा और दशा तय करते हैं, बल्कि सामाजिक चेतना, उत्तरदायित्व एवं भविष्य की रणनीति को भी स्पष्ट रूप देते हैं। अंत में उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, आयोजकों एवं सहभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। संगठित समाज सशक्त समाज सम्मानित समाज यही हमारी पहचान और संकल्प है।

**खास बातें**

- सामाजिक पत्रिका का किया गया विमोचन
- महिलाओं को मुख्यधारा में लाना मुख्य उद्देश्य




## ऐतमानगर जलप्रदाय योजना मामले में जारी होगी नोटिस

# कलेक्टर ने किया आकांक्षी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की आकांक्षीय ब्लॉक योजना में शामिल जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्रामों का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए ऐतमानगर जलप्रदाय योजना के कार्य के धीमी गति से चलने पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार और निर्माण के जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

दौरे के तहत कलेक्टर श्री दुदावत ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर बाहुल्य गांव गुडरुमुडा में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गुडरुमुडा, पोड़ी उपरोड़ा, ऐतमानगर, गुरसिया, सालिहां भाठा, लैंगा और अंतिम छोर पर स्थित पसान तक जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बालिका आवासीय छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय, धान खरीदी केंद्र, ऐतमानगर जलप्रदाय योजना, निर्माणाधीन वॉटर फीडर टैंक, निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन विद्यालय भवन, शिक्षकों के आवासीय भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा में पहुंचकर पेयजल, खाद्यान्न, राशन वितरण की जानकारी ली जहां उन्हें पीडीएस दुकान से खराब चावल मिलने की शिकायत दी गई। इस पर कलेक्टर श्री दुदावत ने विभागीय अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। कलेक्टर ने पीएम जनमन सड़क के अधूरे कार्य को 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।



ग्रामीणों से चर्चा करते कलेक्टर।

### आवासीय विद्यालय की छात्राओं से की चर्चा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पोड़ी उपरोड़ा मुख्यालय में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बिना दबाव पढ़ाई कर बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर माता-पिता के सपनों को साकार करने, बेहतर भविष्य बनाने और अन्य के लिए आदर्श बनने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को दसवीं बोर्ड में बेहतर परिणाम लाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को आदर्श के रूप में देखा जाता है, इसलिए बिना तनाव अच्छे से तैयारी करें। उन्होंने सिलेबस पूर्ण कराने, साइंस विषय की अतिरिक्त कक्षा लगाने, नियमित टेस्ट लेकर सुधार लाने, लेखन कौशल बेहतर बनाने और प्री-बोर्ड प्रश्नपत्र तैयार कर टेस्ट लेने के निर्देश दिए।

# बिजली कर्मचारी कर रहे वर्क टू रूल आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

**खास बातें**

- ओपीएस, वेतनवृद्धि व अन्य मांगों को लेकर बीएमएस का प्रदर्शन
- मांगों को लेकर जल्द आदेश जारी करने को कहा, प्रबंधन पर दबाव

छत्तीसगढ़ राज्य बिजली कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न लबित मांगों और समस्याओं के निराकरण को लेकर विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कर्मचारियों ने। जनवरी से वर्क टू रूल आंदोलन शुरू कर दिया है, जो आगामी 10 जनवरी तक जारी रहेगा। मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में संघ ने 11 फरवरी 2026 से अनिश्चितकालीन कामबंद हडताल की चेतावनी दी है।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ महासंघ ने पहले चरण के तहत 15 दिसंबर 2025 को क्षेत्रीय मुख्यालयों और बिजली उत्पादन केंद्रों के समक्ष आमसभा एवं प्रदर्शन कर बिजली कंपनी के चेयरमैन के नाम प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था। उस दौरान संघ ने स्पष्ट किया था कि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो आआंदोलन को और तेज किया जाएगा। संघ की प्रमुख मांगों में पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करना, संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कर्मचारियों को तीन प्रतिशत तकनीकी भत्ता तथा विभागीय पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी करना शामिल है। इसके अलावा सुनिश्चित कैरियर प्लानिंग योजना लागू करने, स्टेशन भत्ता बढ़ाने, रिक्त पदों पर भर्ती, लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, भू-विस्थापित कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण का लाभ, सी-ऑफ सुविधा बहाल करने, वाहन भत्ते की महंगाई भत्ते से जोड़ने, तथा आउटसोर्स और ठेका कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा देने जैसी मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई हैं। संघ का कहना है कि 31 दिसंबर तक मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, जिसके चलते दूसरे चरण में वर्क टू रूल आंदोलन शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि आंदोलन जारी है। अगर इसके बाद भी प्रबंधन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 11 फरवरी 2026 से काम बंद की भी तैयारी है।

# डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में राठौर रॉयल्स जीता, मनीष बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए।

प्रगति नगर दीपका के श्रमवीर स्टेडियम में चल रहे दीपका प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए मुकाबले में राठौर रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रगति लाइंस को 58 रनों से हरा दिया। दीपका प्रीमियर लीग डीपीएल टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा के प्रथम विजेता को 1 लाख नगद राशि एवं शील्ड प्रदान की जाएगी, जबकि द्वितीय पुरस्कार 71 हजार रखा गया है।

भारतीय जनता पार्टी दीपका मंडल के उपाध्यक्ष रोहित राठौर ने बताया कि स्थानीय क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। डीपीएल टूर्नामेंट के पहले फेज में खिलाड़ियों का ऑक्शन भी कराया गया था। इस बार प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें शामिल हुई हैं। राठौर रॉयल्स, आकाश वॉरियर्स, सोनू हरिकेन्स, प्रगति लाइंस, तिवरता टाइटन्स एवं रुद्र सुपर किंग्स हैं। रविवार को खेले गए मैच में राठौर रॉयल्स के कप्तान नकुल वर्मा तथा प्रगति लाइंस के कप्तान अमर पाल आमने–सामने थे। टॉस प्रगति लाइंस ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राठौर रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में ताबड़तोड़ खेल दिखाते हुए 184 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रगति लाइंस 20 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 126 रन ही बना सकी। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस रोमांचक मुकाबले में राठौर रॉयल्स के खिलाड़ी मनीष राठौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार नागेश्वर को मिला। पुरस्कार वितरण भारतीय जनता पार्टी दीपका मंडल के उपाध्यक्ष रोहित राठौर के द्वारा किया गया। आज के मैच के अतिथि के रूप में दीपका मंडल के उपाध्यक्ष रोहित राठौर, सुशील तिवारी, आनंद राठौर और आशीष सिंह उपस्थित रहे।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का होगा वार्षिक सत्यापन

**कोरबा।** शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से किया जाएगा, इसके लिए नगर निगम के समस्त वार्डों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इसके लिए आदेश जारी कर वार्डवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से शत प्रतिशत किया जाना है। साथ ही आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ मोबाईल नम्बर भी लिया जायेगा, इस हेतु नगर पालिक निगम कोरबा के समस्त वार्डो में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# 51 घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ संपन्न



यज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में 51 घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ प्रातः रविवार की सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कटघोरा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित गृहे गृहे यज्ञ उपासना अभियान के अन्तर्गत 51 घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से उक्त यज्ञ को सम्पन्न करने गायत्री परिवार के पुरोहित पहुंचे। सभी यजमानों के घरों में देवचित्र की स्थापना करते हुए यज्ञ एवं गायत्री के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। यह यज्ञ गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति तथा वंदनीया माता जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर बसंत पंचमी 2026 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों पर आधारित था। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला महिला प्रकोष्ठ ललिता डिक्सेना, सत्यभामा जायसवाल, शोभना परसाई, सुनीता यादव, रामकुमार जायसवाल, रमेश जायसवाल, रमाकांत जायसवाल, गोवर्धन जायसवाल, ज्ञानेंद्र सिंह, रजनी जायसवाल, भूपेंद्र वर्मा, घनश्याम साहू, मनेंद्र जायसवाल गायत्री प्रज्ञा पीठ कटघोरा एवं कोरबा जिला के गायत्री परिवार के का विशेष योगदान रहा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आज भी हमारा...

देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज सभी समाज का विकास और उत्थान हो रहा है, विकास कार्यो को तेज गति से पूरी की जा रहे हैं। इस अवसर पर पालीतानाखार के विधायक तुलेश्वर मरकाम, कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरिवंश मिरी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, श्रीमती सविता साय, सरपंच श्रीमती प्रमिला कंवर सहित अधिक संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### पांच वर्षों...

एसईसीएल की किसी भी बंद खदान से दोबारा कोयला उत्खनन शुरु नहीं किया जा सका है। कोल इंडिया व एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बंद पड़े भूमिगत कोयला खदानों से कन्टीन्यूअस माइनर मशीन के जरिये कोयला उत्खनन की तैयारी की गई है। रजगामार की भूमिगत खदान में कन्टीन्यूअस माइनर मशीन उतारी जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर एक एककर घाटे में चलने वाली कोयला खदानों को बंद करने का सिलसिला जारी है।

### कोल लिफ्टरों ने...

के कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद दीपका थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खदान परिसर के भीतर हुई इस गुंडागर्दी से अन्य कामगारों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यह घटना पाली क्षेत्र में पिछले वर्ष हुए उस रक्तरंजित टकराव की याद दिलाती है, जिसमें एक ट्रांसपोर्टर की जान चली गई थी। गेवरा की इस घटना ने पुलिस प्रशासन के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। यदि समय रहते इन कोल माफियाओं और उनके गुर्गों पर लगाम नहीं कसी गई, तो दीपका-गेवरा क्षेत्र में भी बड़ी हिंसक वारदात या गैंगवार होने से इनकार नहीं किया जा सकता। विवाद का असर खदान के सामान्य कामकाज पर भी पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि खदान में पदस्थ एसईसीएल के अधिकारी और कर्मचारी भी इन निजी कंपनियों के आपसी विवाद और आए दिन होने वाले तनाव से बेहद असहज हैं। सुरक्षा के दावों के बीच इस तरह की हिंसा परियोजना की साख और कोयला प्रेषण, दोनों के लिए खतरा बनी हुई है।

### कोल इंडिया में...

फोरमेन शचीन्द्र पाल सिंह का योगदान रहा। इस सफल परिक्षण उपरांत सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन द्वारा मुख्यालय बिलासपुर से तथा फ्रेकलिन जय कुमार निदेशक तकनिकी संचालन, आरसी महापात्र निदेशक तकनीकी, बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन, डी सुनील कुमार निदेशक वित्त, हिमांशु जैन सीवीओ तथा एसईसीएल के सभी एरिया के महाप्रबंधक एवं मुख्यालय बिलासपुर के समस्त विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में 2 जनवरी 26 को उद्घाटन किया गया, जिसमें सेण्ट्ल वर्कशॉप कोरबा द्वारा रिपेयर्ड किये गये 210 किलोवाट एच टी इंडक्शन मोटर का जनरेटर व डी सी रजिस्टेंस लोड बैंक के द्वारा लोड टेस्ट करते हुय प्रदर्शित किया गया। यह फेसलिटी अब 2 जनवरी से सेण्ट्ल वर्कशॉप कोरबा में चालू हो गई है, जिससे कि एसईसीएल लाभान्वित होगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल मोटरों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुरक्षित होगी, बल्कि परियोजना स्थलों पर होने वाली तकनिकी समस्याओ, ब्रेक डाउन एवं समय क्षति में कमी आएगी। साथ ही यह पहल कोल इंडिया के लिय एक प्रेरणाश्रोत एवं माडल सिद्ध होगा। इस ऐतिहासिक सफलता पर सीएमडी को महाप्रबंधक सेन्ट्रल वर्कशॉप कोरबा ने परियोजना से जुड़े टीम के सदस्यों ए मंडल, एमपी सिंह, आरएन चक्रवोर्टी, भरत लाल, कीर्तन लाल, सेड कुमार, श्रीमती ममता बक्सला, श्रीमती लिली मंजुसा एक्का का परिचय कराया एवं उनके समर्पण तथा तकनिकी कौशल की सराहना की। इस उपलब्धि पर जेसीसी के सम्मानित सदस्यों ने सीएमडी हरीश दुहन एवं डीटी फ्रेकलिन जय कुमार सर को आभार प्रकट करते हुए टीम के सदस्यों को बधाई दी।

## 239 ओपीडी लाभार्थी हुए लाभान्वित

# बालको का मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने आखिरी जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत रिसदा क्षेत्र में एक मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर से आसपास के समुदाय के बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 239 ओपीडी लाभार्थी लाभान्वित हुए। यह स्वास्थ्य शिविर बालको सीएसआर की उपचार आपके द्वार पहल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसके माध्यम से पोर्टेबल लैब डायग्नोस्टिक्स और फिजियोथेरेपी सेवाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। शिविर के अंतर्गत लाल घाट, चेकपोस्ट, भाद्रापारा, सतनामनगर एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित रिसदा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। बालको की सामुदायिक विकास टीम द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से शिविर में समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें लैब परीक्षण, फिजियोथेरेपी इलेक्ट्रोथेरेपी तथा हॉट कोल्ड फोमेंटेशन द्वारा दर्द प्रबंधन एवं रोकथाम आधारित स्वास्थ्य जागरूकता शामिल रही। शिविर के दौरान कुल 81 प्रयोगशाला जांचें की गईं, जबकि विशेष सामुदायिक मांग पर 31 बच्चों तथा अन्य 31 लोगों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। वहीं 33 लाभार्थियों ने फिजियोथेरेपी सेवाओं का लाभ उठाया, जिससे बुजुर्गों में पुरानी पीड़ा और गतिशीलता संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता मिली। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने स्वास्थ्य अभियान के प्रभाव पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के सभी वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।



शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए।

# 9540 स्कूल डी ग्रेड में, कक्षा एक से तीन तक के यह 20 लाख बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही उन्हें अक्षर ज्ञान

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 17.76% स्कूल डी ग्रेड वाले हैं। कक्षा एक से तीन तक के यह बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही उन्हें अक्षर ज्ञान है। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत राज्य के 56,895 सरकारी स्कूलों के सोशल ऑडिट में सामने आई है। ऑडिट में 9540 स्कूलों को डी ग्रेड मिला। जबकि ए ग्रेड स्कूल 16,785 हैं। ध्यान रहे कि ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार करने और प्रशिक्षण देने का काम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने किया। समग्र शिक्षा विभाग इसमें नोडल एजेंसी थी। कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल रहे।

ध्यान रहे कि यह ऑडिट 6 से 8 अक्टूबर 2025 के बीच हुआ था। अब ग्रेड में सुधार के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करना था। स्कूलों का मौजूद आधारभूत सुविधाओं, छात्र उपलब्धियों और शिक्षकों की उपस्थिति समेत कई बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया। ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और हाई हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार की गई। ऑडिट के बाद स्कूलों को ग्रेडिंग दी गई। 47,355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में रहे।

### गुणवत्ता की जांच की जाएगी

स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

- **आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

अलग खबर



- पढ़ाई का रिपोर्ट कार्ड जारी, राज्य के 17 .7% स्कूल डी-ग्रेड में पाए गए
- कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल किए

### 20 प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन

हर स्कूल में एक सामाजिक अंकेक्षण दल का गठन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि व अनुभवी समुदाय के सदस्य शामिल थे। विकासखंड स्तर पर संकलित प्रपत्रों को डेटा एंट्री के लिए चयनित 5 शिक्षकों की टीम ने पोर्टल में अपलोड किया। स्कूल में उपलब्धता की आधार पर टीमों ने 20 बिंदुओं में सोशल ऑडिट किया। कुल 20 प्रश्नों पर जानकारी एकत्र की गई। इनमें बच्चों की पठन क्षमता, गणितीय कौशल, शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तकालय उपयोग, परीक्षा परिणाम, स्थानीय भाषा के उपयोग जैसे पहलू शामिल थे। इसी के आधार पर स्थिति का विश्लेषण किया गया।

### डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना

सोशल ऑडिट के दौरान यह भी चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि कई डी-ग्रेड स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को न तो गिनती आती है और न ही अक्षरों की पहचान है। इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति माना गया है। इसी स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

### निगरानी के लिए विशेष ऐप भी बनाया

डी-ग्रेड स्कूलों के निरीक्षण और निगरानी के लिए एक विशेष ऐप भी बनाया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से डी-ग्रेड स्कूलों में तेजी से सुधार होगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। हालांकि अब यह देखना होगा कि यह योजना कागजों तक सीमित रहती है या वाकई स्कूलों की सूरत बदल पाती है। अभियान के तहत सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण हो चुका है और इसके माध्यम से ऐसी शालाओं का चिह्नांकन किया गया है, जिनमें सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कहने को स्मार्ट रोड और.. केबल नाली में



**बिलासपुर।** व्यापार विहार से आगे रेल्वे स्टेशन को जाने वाली सड़क स्मार्ट रोड के नाम से तैयार की गई है। स्मार्ट रोड में सड़क की चौड़ाई, गुणवत्ता एवं फुटपाथ के अलावा इलेक्ट्रिक व्यवस्था भी स्मार्ट तरीके की ही की जानी थी। इसके विपरीत बिजली के केबल अंडरग्राऊंड करने के बजाए खुली नाली में ही डाल दिए गए हैं। खुले चेंबरों के ऊपर आधे केबल नालियों के भीतर डूबकर वापस ऊपर आए हैं और सड़कों पर लटकते हुए खंबे से जोड़े गए हैं। यह लगातार आवाजाही वाला व्यस्त मार्ग है, जिसमें केबलों में न केवल पैदल चलने वाले, बल्कि वाहनचालकों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है।

### 300 से अधिक ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, बढ़ेगी क्षमता

**बिलासपुर।** पॉवर कंपनी का एकमात्र ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट तिफरा में मौजूद है। जहां खराब व बंद ट्रांसफार्मरों की गहन जांच के बाद 9 माह में 300 से अधिक ट्रांसफार्मर को सुधारा जा रहा है। कंपनी द्वारा अब इसकी क्षमता बढ़ाकर अब हर माह 500 ट्रांसफार्मर सुधारने का लक्ष्य रखा गया है। एसटीएम डिविजन के अंतर्गत संचालित स्माल ट्रांसफार्मर को बिलासपुर स्थित रिपेयरिंग यूनिट में सुधारा जाता है। 9 माह के भीतर 360 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर और 38 करंट ट्रांसफार्मर यानी सीटी सुधारे गए है। ट्रांसफार्मर की जांच एवं मानक गुणवत्ता के अनुरूप सुधार कार्य कर उन्हें पुनः उर्जीकृत किया गया है। अब यूनिट की क्षमता बढ़ाकर 500 से अधिक ट्रांसफर्मार को सुधार कर उर्जीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट ने कहा कि यूनिट से न आर्थिक बचत हो रही है, वहीं ट्रांसफार्मरों की त्वरित आपूर्ति में होने वाली बाधा भी दूर हो चुकी है।

### धूप में तेजी नहीं, ठंड में मामूली बढ़त



**बिलासपर।** सूरज की चमक फीकी हो चुकी है, रविवार को भी आसमान पर बदली छाई रही, इस दौरान ठंड में मामूली बढ़त देखी गई है। न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती असर देखने को मिल रहा है। द्रोणिका बनने के बाद मौसम में हल्का बदलाव हो चुका है और आसमान पर बादल छाने लगे है। रविवार को भी सुबह से ही सूरज की तपीस काफी धीमी रही, मौसम सुहाना होने के कारण लोगों ने आउटिंग का प्लान बनाया और जिले के कई पिकनिक स्पॉट पर सैर सपाटा किया गया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक नाबालिग चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त को छोड़कर अन्य दोस्तों के साथ घर लौट रहा किशोर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए नाबालिग की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी सुजीत तिर्की आ. सुशील तिर्की (15 वर्ष) बीती रात लगभग 9 बजे परिजन को बिना बताए ही बाइक लेकर अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से दोस्त को छोड़ने काली घाट गया था। दोस्त को छोड़ने के बाद वापस घर लौटने लगे तभी काली घाट की समीप ही सुजीत तिर्की बाइक से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया।

वन विभाग ने दैवेभो पर कार्रवाई कर की खानापूर्ति

# एटीआर कोर जोन के दो रास्ते..एक ओर सुरक्षा और दूसरी ओर केवल चौकीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की सुरक्षा कोई व्यवस्था नहीं की गई है, प्रबंधन इसमें पूरी तरह से फेल हो चुका है। एटीआर के एक ओर यानि शिवतराई से अचानकमार से कोर जोन जाने वाले बेरियर में सीसी कैमरे के अलावा सुरक्षा के अन्य प्रबंध किए गए हैं, लेकिन लोरमी होकर जाकड़बांध से सुरही के रास्ते में न तो बेरियर है और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके कारण ही आरोपियों ने यहां से गाड़ी अंदर ले जाकर अंदर फायरिंग की और वन्यप्राणियों को नुकसान भी पहुंचाया। वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने रेंजर, डिप्टी रेंजर व अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सस्पेंड कर खानापूर्ति कर दी है।

प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व अचानकमार टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बेकार हो चुकी है। यहां कभी भी कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह से अंदर प्रवेश करते हुए हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई करने के साथ वन्यप्राणियों का शिकार कर सकता है, इसकी जानकारी होने के बावजूद यहां के आला अफसर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर पाते। अचानकमार टाइगर रिजर्व में भ्रमण करने के लिए केवल एक कोर जोन हैं, जहां मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के अलावा टाइगर की संख्या भी अब बढ़ने लगी है। टाइगर रिजर्व होने के कारण एटीआर प्रबंधन को केन्द्र से भी अच्छा खासा बजट मिल जाता है, ताकि यहां की सुरक्षा व्यवस्था अच्छे तरीके से की जा सके। बजट की राशि मिलने के बाद भी अफसर इस ओर कोई ध्यान नहीं देना चाहते हैं। एटीआर के नियमानुसार कोर जोन का रास्ता साल के चार माह यानि बारिश के मौसम में बंद करने के बाद 8 माह ओपन रहता है, जहां भ्रमण करने के लिए किसी भी सैलानी को प्रायवेट गाड़ी ले जाने की कोई भी अनुमति नहीं दी जाती है। सैलानी शिवतराई पहुंचने के बाद बेरियर में अपने गाड़ियों की एंट्री कराकर समिति की ओर से संचालित जिप्सी की सुविधा लेते हैं। इससे जिप्सी संचालकों की भी अच्छी खासी कमाई हों जाती है। बेरियर पार करने के लिए जिप्सी चालकों और समिति के सदस्यों को एटीआर के अधिकारी कर्मचारी भी पहचानते हैं। इन सबके बावजूद कोर जोन के अंदर बिना किसी अनुमति और जांच के प्रवेश करने के बाद कुछ युवकों ने एयरगन से फायरिंग करते हुए वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाया, इसके साथ ही रील बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद ही युवकों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत एटीआर प्रबंधन ने कार्रवाई की।



एटीआर के कोर जोन में हथियार लहराकर अंधाधुंध फायरिंग, तीन गिरफ्तार

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया एटीआर प्रबंधन

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।





### दैवेभो को बनाया बलि का बकरा

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के अंदर प्रवेश करने के लिए लोरमी से खुड़िया बांध होते हुए जाकड़बांध से सुरही तक पहुंचने के लिए युवकों को बेरियर गार्ड ने रोकने कोशिश की, लेकिन तीनों युवक बेरियर गार्ड को चकमा देकर अंदर घुस गए। यहां का बेरियर गार्ड एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है, जिसे माह का केवल 10 हजार रुपए वेतन दिया जाता है। युवकों के अंदर प्रवेश और फायरिंग करने के आरोप में प्रबंधन ने बेरियर गार्ड को हटा दिया और खानापूर्ति के लिए परिक्षेत्र अधिकारी को नोटिस थमा दिया।

### सोशल मीडिया बना सहारा

सोशल मीडिया में अगर युवकों ने अपनी गाड़ी, एयरगन और फायरिंग की रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल नहीं किया होता, तो एटीआर प्रबंधन और सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को इसकी जानकारी भी नहीं हो पाती। सोशल मीडिया में देखकर एटीआर प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद इसके ही सहारे प्रबंधन ने अपनी टीम को युवकों के खिलाफ जांच करने और अग्रिम कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### जाकड़बांध से घुसे थे युवक

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर जोन से लगे क्षेत्र में अंदर जाने का एक रास्ता शिवतराई और दूसरा रास्ता जाकड़बांध से सुरही का है, जो खुड़िया नाला से सीधे निकलता है। यहां किसी तरह की कोई भी जांच नहीं होती। इसका फायदा उठाकर आरोपी अजीत वैष्णव, अनिकेत और विक्रांत वैष्णव ने अंदर प्रवेश किया और हथियार लहराकर फायरिंग की। वन विभाग ने सोशल मीडिया से जानकारी होने के बाद पुलिस के सहयोग से आरोपियों को पकड़कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध दर्ज कर 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया।


### की जाएगी सबकी जांच

बेरियर गार्ड सहित एटीआर के ज्यादातर कर्मचारियों में बीट गार्ड भी दैवेभो हैं। बीट गार्ड की एटीआर में कमी है, जिसके कारण उन्हें सुरक्षा के लिए रखा गया है। सोशल मीडिया में जानकारी मिलने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई है। जाकड़बांध के पास बेरियर नहीं है और न ही वहां किसी की जांच होती है। इस घटना के बाद प्रबंधन ने सभी ओर सुरक्षा व्यवस्था तेज करने के अलावा अंदर प्रवेश करने वाले लोगों के सामानों की जांच करने का निर्णय लिया है।

- **अभिषेक कुमार,** डायरेक्टर वाइल्ड लाइफ एटीआर



### सिलपहरी के प्लास्टिक गोदाम में आग, हड़कंप



**बिलासपुर।** सिलपहरी के प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। 4 घण्टे की मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। गोदाम में रखे प्लास्टिक के सामान जलकर राख हो गए हैं। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी लखन राही का सिलपहरी में प्लास्टिक गोदाम है। रविवार को शाम लगभग 4.30 बजे गोदाम में आग लग गई। प्लास्टिक का सामान भरे होने से आग ने भीषण रूप से लिया, जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। टीम दमकल के पानी से आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। 4 घण्टे की मशक्कत पर 4 दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से गोदाम में रखा प्लास्टिक का सामान जलकर राख हो गया है।

## मामूली विवाद में आपस में लाठी डंडा लेकर भिड़े जीजा व साला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- गंभीर रूप से आहत जीजा की उपचार के दौरान हुई मौत

शनिवार को लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में छेरता पर्व के दौरान मामूली बात को लेकर परिवार के सदस्य आपस में लाठी डंडा लेकर भीड़ गए जिसमें एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद दोनों बतौर पति पत्नी प्रेम पूर्वक साथ रह रहे थे। शनिवार को गांव में छेरता पर्व पर रामलल्लू और उसका साला गेंद बिहारी दोनों साथ में गांव में किसी परिचित के यहां खाना पीना खाए इसके बाद रामलल्लू अपने साला गेंद बिहारी को अपने साथ अपने घर ले आया।

गेंद बिहारी को देख रामलल्लू का छोटा भाई अनिल भड़क गया कहने लगा कि इतना दिन से तुमलोग हमारे यहां नहीं आए आज क्यों आए हो। पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेम साय पिता ठाकुर सिंह, चाचा जलजीत सहित परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर अपने जीजा राम लल्लू के घर पहुंचा। जिसके बाद सभी ने राम लल्लू और अनिल की लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर फरार हो गए। घटना में रामलल्लू और अनिल को गंभीर चोट के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई। वहीं रामलल्लू की हालत नाजूक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर ले जाया गया। जहां देर रात उपचार के दौरान रामलल्लू अगरिया आ. पुजारी अगिरया (24 वर्ष) की मौत हो गई। घटना की सूचना पर लटोरी पुलिस ने घटना स्थल पहुंच परिजन से घटना की जानकारी ली।



मृतक के परिजन से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी, इनसेट में मृतक।

### प्रेम विवाह से नाराज थे टिकेश्वरी के परिजन

बताया गया कि टिकेश्वरी के परिजन प्रेम विवाह से नाराज थे। चार वर्ष से दोनों के परिजन के बीच बातचीत नहीं थी और न ही दोनों परिवार के बीच कोई संबंध था। लड़की पक्ष के लोग रामलल्लू और उसके परिजन से नाराज थे। घटना दिवस को खाने पीने के बाद मामूली सी बात में विवाद इतना बढ़ा कि पुरानी रंजिश से बात हत्या तक पहुंच गई। आज पीएम उपरांत शव को परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराब पीकर स्कूल पहुंचता था हेडमास्टर शिक्षिका बनाती थी वीडियो, दोनों निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम में लापरवाही, साथी शिक्षकों से दुर्व्यवहार और स्कूल में शराब पीकर आने के मामले में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षिका और प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है। दोनों शिक्षकों को मुख्यालय अटैच करते हुए विभागीय जांच भी कराई जाएगी। मामले में शिक्षा विभाग ने प्रधान पाठक प्रताप सत्यार्थी के खिलाफ दीर्घ शास्ति और शिक्षिका श्रीमती सुपर्णा टेंगवार एवं श्रीमती स्नेहलता भारद्वाज (सहायक शिक्षक) के विरुद्ध लघु शास्ति की अनुशंसा भी की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक शासकीय प्राथमिक शाला मटियारी में पदस्थ प्रधान पाठक प्रताप सत्यार्थी शाला समय में शराब पीकर आते थे। साथ ही दूसरे शिक्षकों से दुर्व्यवहार करने एवं देरी से शाला आने और जल्दी चले जाने की भी लगातार शिकायत शिक्षा विभाग को मिल रही थी। शिकायत की जांच विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा के द्वारा की गई। जांच में घटना की पुष्टि होना पाया गया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने प्रताप सत्यार्थी, प्रधान पाठक (एल.बी.) को शिक्षकीय गरिमा के प्रतिकूल एवं छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 विपरीत होना पाया और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर चार सालों से लंबित जमीन का मामला

# एयरपोर्ट को जल्द मिलेगी 290 एकड़ जमीन, शासन ने दिए 50 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर चार सालों से लंबित जमीन का मामला अब सुलझने के करीब पहुंच चुका है। एयरपोर्ट के लिए 290 एकड़ अतिरिक्त भूमि के बदले 50.64 करोड़ रूपए केन्द्र सरकार के खाते में जमा कर दिया है। जमीन मिलने के बाद एयरपोर्ट में 4सी श्रेणी के टर्मिनल बिल्डिंग सहित अन्य निर्माण कार्य संभव हो सकेगा।

सेना के कब्जे की 290 एकड़ जमीन बिलासा एयरपोर्ट को मिलने का रास्ता साफ हो गया है। केन्द्र को 50 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफार की गई है। खास बात यह है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार में डबल इंजन की सरकार होने का फायदा मिला है,समन्वय और सकारात्मक सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। भूमि मिलने के बाद रनवे और टर्मिनल विस्तार होगा, जिससे बोइंग जैसे एयरक्राप्ट बिलासा एयरपोर्ट पर आ सकेंगे। नाइट लैंडिंग सुविधा की प्री-कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और डीजीसीए से स्वीकृति के बाद फरवरी–मार्च रात्रीकालीन उड़ान संचालन संभव हो सकेगा। एयरपोर्ट के उन्नयन से यात्री सुविधाओं को बेहतर किया जा सकेगा और व्यापार, उद्योग, निवेश और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।




### रनवे का छोटा होना सबसे बड़ी बाधा

रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना पहले ही उक्त जमीन पर एयरपोर्ट के काम के लिए अपनी सहमति दे चुकी है वहीं अब उसके बदले में उनके द्वारा चाही गई 50 करोड़ रुपए की राशि भी राज्य सरकार ने दे दी है। 4सी श्रेणी उन्नयन में कोई भी बाधा नहीं है। महानगरों तक सीधी उड़ान के सपने में सबसे बड़ी बाधा एयरपोर्ट का रनवे छोटा होना है। रनवे की लंबाई केवल 1500 मीटर है, एटीआर 72 विमान ही संचालित हो सकते हैं। देश भर में 100 विमान ही ऐसे हैं जिसे बिलासा एयरपोर्ट पर उतारा जा सकता है। बड़े विमान जैसे कि बोइंग और एयरबस, अंब्रेला जेट के लिए 2000 मीटर से बड़े रनवे की आवश्यकता होती है।



### बड़ी सौगात, एयरपोर्ट विस्तार का रास्ता हुआ साफ

बिलासपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। एयरपोर्ट विस्तार के लिए सालों से संघर्ष जारी है। जनसंघर्ष समिति की भूमिका सराहनीय रही है। सालों की तपस्या और निरंतर प्रयासों के बाद क्षेत्रवासियों को सौगात मिली है। बिलासपुर भविष्य में रीजनल एविएशन हब के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

### रनवे का हो तत्काल निर्माण

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि 2200 मीटर लंबाई और 45 मीटर चौड़ाई का रनवे बिलासपुर में तैयार करने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए की जरूरत है। एयरपोर्ट के लिए 100 करोड़ का आवंटित राशि एयरपोर्ट के पास है। रनवे विस्तार का काम तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। बाउंड्रीवाल महज 5 से 6 करोड़ रुपए में पूरा किया जा सकता है। ऐसे में तत्काल निर्माण कार्य शुरू किया जाना चाहिए।

### महाधरना में शामिल थे सदस्य

समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा, इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, समीर अहमद, रामशरण यादव,देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा, आशुतोष शर्मा, मनोज तिवारी, अमर बजाज, भैय्यू सिंह गौतम, दिलीप पाटिल, रघु साहू, संदीप बाजपेई, शेख अल्फाज, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे ।

## खबर संक्षेप



### कथक नृत्य स्पर्धा में समृद्धि व ध्रुविका हुई पुरस्कृत

**कोरबा।** गौरव भारत सांस्कृतिक परिषद द्वारा भारत संस्कृति उत्सव के तहत ग्लोबल प्रतियोगिता और फेस्टिवल ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर का आयोजन किया गया। कत्थक बालकृष्ण एकल में ध्रुविका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तो समृद्धि को फ्यूचर टैलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्पर्धा पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित हुआ। देश विदेश के प्रतिभागियों ने विभिन्न शास्त्रीय कला रूपों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों बालिकाएं केंद्रीय विद्यालय की छात्राएं है। दोनों की निरंतर प्रगति में माता सुचिता शर्मा और पिता प्रदीप शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### कलश यात्रा के साथ मां शाकंभरी पूजा का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** बांधाखार में आयोजित माँ शाकम्भरी देवी जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धालु मातृशक्ति, ग्रामीणजनों एवं क्षेत्रवासियों की आस्था, भक्ति और उत्साह रहा। पूरे क्षेत्र में कलश यात्रा के साथ माँ शाकम्भरी देवी की रैली निकाली गई। विधायक प्रेमचंद पटेल ने क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों सहित सनातन परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक एकता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### छात्राओं को सायकल का किया गया वितरण

**कोरबा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय हाईस्कूल पोड़ीबहार की मेधावी छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर मद से सायकल प्रदान किया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम साडा स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर अनिल कुमार ओझा एवं मैनेजर एचआर धीरेंद्र कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसबीआई के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि सीएसआर के तहत मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान करने का उद्देश्य बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इससे न केवल उनके आवागमन में लगने वाला समय बचेगा, बल्कि वे उस समय का बेहतर उपयोग पढ़ाई में कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के महत्व को समझाया और साथ ही सड़क यातायात नियमों की जानकारी रखने की भी अपील की। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को देश का अग्रणी बैंक बताते हुए कहा कि आय से अर्जित धन को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा माध्यम बैंक है। इसलिए स्कूली स्तर से ही बच्चों में बैंकिंग प्रणाली की समझ विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में बैंकों की भूमिका और महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# निर्माण कार्यों की फोटो खींचकर भेजना होगा ग्राम पंचायतों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों की जब समीक्षा की गई तब 43 ग्राम पंचायत ऐसे सामने आए जिनमें बकाया राशि के साथ निर्माण कार्य भी अधूरे थे। जिसे लेकर जनपद सीईओ के द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत अब पंचायतों को अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शुरु करने के साथ उनकी फोटो भेजना अनिवार्य किया गया है उसके बाद ही अगली किश्त स्वीकृत की जाएगी।

बीते वर्ष पंचायत चुनाव के पहले निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव ने संयुक्त रुप से राशि निकाल ली थी और निर्माण कार्य शुरु कर उन्हें अधूरा छोड़ दिया था। कुछ पंचायतों में निर्माण कार्य शुरु भी नहीं हुए थे और स्वीकृत राशि निकाल ली गई थी। जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के तहत अधूरे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जनपद पंचायत में सचिवों की बैठक लेकर जब समीक्षा की तब यह जानकारी सामने आयी कि 43 ग्राम पंचायत ऐसे हैं जहां निर्माण कार्य अधूरे हैं या शुरु ही नहीं हुए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जनपद सीईओ श्री निमर्लकर ने पंचायत सरपंच एवं सचिव को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य शुरु करने और कार्य की तात्कालीक फोटो भेजने के निर्देश दिए। फलस्वरुप अधूरे पड़े कार्य शुरु हुए और जो काम शुरु नहीं हुए थे वे भी शुरु कर दिए गए। सीईओ के निर्देश का असर ऐसा दिखा कि पंचायत क्षेत्र में पिछड़े कार्यों ने रफ्तार पकड़ी।

## बकाया राशि वसूली के दायरे में आए 43 पंचायत

**खास बातें**

- अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर दिए गए निर्देश



### एसडीएम कार्यालय से जारी होती है नोटिस

ग्राम पंचायतों के ऊपर बकाया शासकीय राशि वसूलने के लिए एसडीएम कार्यालय से नोटिस जारी होती है इसके लिए जनपद पंचायत की ओर से शासकीय राशि बकाया वाले ग्राम पंचायतों की सूची अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में भेजी जाती है जहां प्रकरण दर्ज करने के बाद वसूली के लिए नोटिस जारी की जाती है। पंचायत चुनाव के पूर्व एसडीएम कार्यालय के द्वारा ऐसे पंचायतों को नोटिस जारी की गई थी जिनसे राशि की वसूली हुई थी।

## ट्रेलर की चपेट में आने से ग्रामीण व मां व बेटी की मौत

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत चक्काजाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में घटित अलग अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। नेशनल हाईवे 130 पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर पैदल चल रहे ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। वहीं कोरबा-कटघोरा मार्ग दर्री के समीप एक तेज रफ्तार राखड़ लोड ट्रेलर चालक ने स्कूटी सवार मां और बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम शुरु कर दिया। जिसकी वजह से मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाइश दी। जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

**खास बातें**

- एनएच 130 पर बगदेवा के समीप तो कोरबा कटघोरा मार्ग पर दर्री के समीप हुआ सड़क हादसा
- चक्काजाम से बिलासपुर-कटघोरा व कोरबा कटघोरा मार्ग पर घंटों रहा आवागमन बाधित



सड़क हादसे के बाद गुस्साएं भीड़ ने किया चक्काजाम।



मृतक का शव (इंसेट में मृतक मिलन दास)।



हादसे मृत मां-बेटी का शव।

पहली घटना बिलासपुर कटघोरा एनएच पर बगदेवा के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने पैदल चल रहे ग्रामीण मिलन दास उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी झोरखीपारा को अपनी चपेट ले लिया। हादसे में ग्रामीण के मौत के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते आसपास के लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए और ग्रामीण की मौत के बाद आक्रोशित गांव वालों ने मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम शुरु कर दिया। चक्काजाम की वजह से एनएच के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लगभग 6 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। सूचना मिलने पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास शुरु किया। इस दौरान ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। लंबी चर्चा के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने चक्काजाम समाप्त किया। जिसके बाद मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरु हुआ। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर सफर कर रहे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटों तक वाहन चालकों को जमा खुलने का इंतजार करना पड़ा। पाली पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरु कर दी है। वहीं मृतक मिलन दास के शव को पीएम के लिए पाली अस्पताल के मरच्युरी में रखवाया गया है। सूत्रों की मानें तो मिलन दास मानसिक रुप से विक्षिप्त था और सुबह से ही अपने घर से गायब था। मिलन दास के परिजन उसे तलाश रहे थे। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस मे उसके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी गई थी। वहीं दूसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-कटघोरा मार्ग पर घटित हुई जहां राखड़ परिवहन में लगे ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 1611 पर सवार मां व बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में चारपारा कोहड़िया निवासी स्कूटी सवार मां रामकुमारी वर्मा और बेटी सत्या वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ट्रेलर के बगल से एक तेज रफ्तार मोटर सायकल निकला और इसके कारण स्कूटी सवार माँ बेटी का वाहन पर संतुलन हो गया। ठीक इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मृतिका रामकुमारी वर्मा व सत्या वर्मा दर्री बाजार से वापस अपने घर चारपारा कोहड़िया लौट रहे थे। सड़क हादसे में मां और बेटी के मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम शुरु कर दिया। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर दर्री पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश का प्रयास किया। चक्काजाम कर रहे लोगों का आरोप था कि राखड़ परिवहन में लगे वाहन लगातार हादसों का सबब बनते जा रहे हैं, मार्ग पर रोजाना राखड़ लोड ट्रक तेज रफ्तार से फर्राटे भर रहे हैं जिसकी वजह से मार्ग पर आये दिन हादसे घटित हो रहे हैं। दिन के अलावा रात में भी राखड़ परिवहन काम जारी रहता है जो सड़क हादसों की वजह बन रही है।

### अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना ने बदल दी अभिषेक बबीता की ज़िंदगी

**कोरबा।** सामाजिक सद्भाव, समानता और जाति-पाति के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में सरकार द्वारा संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना आज वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। इसी कड़ी में जिले के युवा दम्पत्ति अभिषेक आदिले और बबीता देवांगन की कहानी समाज में नई उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का संदेश देती है। कोरबा जिले के आदिले चौक पुरानी बस्ती के निवासी अभिषेक आदिले हैं और जो अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं तथा जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम चोरिया तहसील सारागांव की रहने वाली 20 वर्षीया बबीता देवांगन जो अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से हैं ने सामाजिक बाधाओं को दूर करते हुए अंतर्जातीय विवाह किया। दोनों परिवारों ने इस रिश्ते का सम्मान किया और समाज में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत इस दम्पत्ति को कुल 2.50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई।

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, कोरबा द्वारा इस राशि में से 1.00 लाख रुपए दम्पत्ति के संयुक्त बैंक खाते में प्रदान कर दिए गए हैं, जबकि शेष 1.50 लाख रुपए उनके उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए तीन वर्ष की सावधि जमा के रूप में निवेश किए गए हैं। यह आर्थिक सहायता उनके नए जीवन की शुरुआत को सरल बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है।

## पूर्वांचल विकास समिति से जुड़े लोग सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न हैं तथा किसी भी जरूरतमंद को निराश नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री बनने के बाद से वे विभिन्न समाजों की मांग के अनुरूप भवन निर्माण एवं विकास कार्यों में लगातार सहयोग कर रहे हैं। पूर्वांचल विकास समिति की मांग पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

**खास बात**

- पूर्वांचल विकास समिति भवन की बाउंड्रीवाल का हुआ भूमिपूजन



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने पूर्वांचल विकास समिति भवन की सुरक्षा के लिए निर्मित की जाने वाली बाउंड्रीवॉल के भूमिपूजन अवसर पर कही। श्री देवांगन ने कहा कि पूर्वांचल विकास समिति एवं उससे जुड़े लोग सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंततः सत्य और सेवा की ही जीत होती है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्वांचल विकास समिति की अपेक्षाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि पूर्वांचल के लोग जहां भी गए, उस क्षेत्र को अपनी मेहनत, संस्कार और परिश्रम से समृद्ध किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में निरंतर योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई। भूमि पूजन समारोह को क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष रामाश्रय पांडे एवं अशोक शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सह-कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, तुलसी ठाकुर, नीरज ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर,अनिल गिरी,नीरज सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के संगठन मंत्री वेद प्रकाश यादव ने किया, जबकि शैलेंद्र यादव ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में समिति के संरक्षक कमलेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र दुबे, उपाध्यक्ष हरे राम सिंह, सुमन कुमार, सचिव विनय कुमार राय, कोषाध्यक्ष विमल सिंह, इंजीनियर अशोक सिंह सहित दीपक ठाकुर, आंचल सिंह, अजीत सिंह, अंबुज शर्मा, रणजीत सिंह, लल्लन सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## हसदेव नदी के संरक्षण में नागरिकों को जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हसदेव नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत नमामि हसदेव सेवा समिति ने शनिवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

हसदेव नदी के संरक्षण और जल स्रोतों की सफाई के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रतिमाह की भांति इस बार पौष पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में भोजराम देवांगन अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ उपस्थित रहे। इनके साथ ही विशिष्ट यजमान के तौर पर नरेन्द्र कुमार अग्रवाल महामंत्री चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा, विमल कुमार जोशी अध्यक्ष, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति कोरबा, मनीष जैन सचिव जैन मिलन समिति और विद्यानंद पाण्डेय प्राचार्य, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी ने भी इस पवित्र आयोजन में भाग लिया। मुख्य यजमान भोजराम देवांगन ने कहा कि हसदेव नदी के संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे ताकि आने वाली पीढियाँ इस नदी का भरपूर उपयोग कर सकें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि नदी का पानी शुद्ध और स्वच्छ बने, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किए गए इस आयोजन से न केवल नदी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैल रही है बल्कि यह नागरिकों को एकजुट करने और जल स्रोतों के महत्व को समझाने का भी एक शानदार प्रयास है।







कर्मठ, मिलनसार, जन-जन के लाड़ले युवा
हृदय सम्राट भाजपा जिला उपाध्यक्ष
श्री प्रफुल्ल तिवारी जी
को जन्मदिन की बहुत-बहुत
बधाई व शुभकामनाएँ...
श्री प्रफुल्ल तिवारी जी
जिला उपाध्यक्ष,भाजपा
विनीत - भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के समस्त कार्यकर्तागण